# सीएमडी ने दिलाई सुरक्षा की शपथ

## नेपा मिल : श्रमिकों को अपना कार्यस्थल साफ-सुथरा रखने की ताकीद

**नेपानगर (नईदुनिया न्यूज)।** नेपा लिमिटेड में शुक्रवार को औद्योगिक सुरक्षा दिवस मनाया गया। इस दौरान संस्था के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक कमोडोर सौरभ देव के मुख्य आतिथ्य में नेपा मिल मुख्य द्वार पर कार्यक्रम आयोजित हुआ।

इस दौरान श्रमिकों को सुरक्षा की शपथ दिलाई गई। साथ ही श्रमिकों को अपना कार्यस्थल साफ सुथरा रखने, संरक्षा नियमों का पालन करने, सुरक्षा साधनों का उपयोग करने, पर्यावरण की रक्षा करने व सुरक्षित तरीके से काम करने को लेकर हिदायत दी गई। प्रबंधक सुरक्षा किशन पटेल ने औद्योगिक सुरक्षा दिवस की आवश्यकता व महत्व पर प्रकाष डाला।

महाप्रबंधक कार्य व परियोजना आर अलागेषन ने कहा कि सभी कर्मचारियों को गोल्डर रूल्स ऑफ सेफ्टी का पालन करना चाहिए। जैसे फिट टू वर्क, एनर्जी आईसोलेषन, परमिट टू वर्क, लिफ्टिंग ऑपरेषन, एक्सकेवेषन सेफ्टी, एट हाई सेफ्टी व ड्राइविंग सेफ्टी। इस दौरान जागृति कला केंद्र के मुकेष दरबार व साथियों द्वारा सुरक्षा के प्रति जागरूकता का संदेष देते हुए नुक्कड़ नाटिका की प्रस्तुति दी गई।




नेपा मिल में अफसर, कर्मचारियों को सुरक्षा की शपथ दिलाते हुए सीएमडी। • नईदुनिया

### नारा प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को किया गया पुरस्कृत

सुरक्षा दिवस पर संस्थान में कार्यरत कर्मचारियों, अधिकारियों के लिए नारा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। इसमें विजयी प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उप महाप्रबंधक ऑपरेषन व कारखाना प्रबंधक अजय गोयल, प्रबंधक सेफ्टी किषन पटेल, नेपा मिल श्रमिक संघ अध्यक्ष कुलदीप श्रीवास्तव सहित ठेकेदार, कर्मचारी मौजूद थे। संचालन सहायक प्रबंधक सामान्य प्रषासन रविंद्र पिवहरे ने किया।

**बड़वानी।** एसबीएन पीजी कालेज के स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ ने विद्यार्थियों को भाषा संगम एप के बारे में जानकारी दी।

दैनिक भास्कर बुरहानपुर 05-12-2021

औद्योगिक सुरक्षा दिवस • नेपा मिल कर्मियों को सीएमडी ने दिलाई सुरक्षा की शपथ

# श्रमिकों को ताकीद किया, साफ-सुथरा रखें कार्यस्थल

भास्कर संवाददाता | नेपानगर

नेपा लिमिटेड में अफसर-कर्मचारियों ने औद्योगिक सुरक्षा दिवस मनाया। सभी को औद्योगिक सुरक्षा की शपथ दिलाई। सीएमडी ने यह भी ताकीद किया कि कार्य स्थल साफ-सुथरा रखें।

संस्था अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक कमोडोर सौरभ देव कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे। सीएमडी देव ने श्रमिकों को सुरक्षा की शपथ दिलाई और कार्य स्थल पर सुरक्षा नियमों का पालन करने, सुरक्षा साधनों का उपयोग करने, पर्यावरण की रक्षा करने और सुरक्षित तरीके से काम करने की हिदायत दी। प्रबंधक सुरक्षा किशन पटेल ने कहा- औद्योगिक सुरक्षा दिवस का महत्व बताया। महाप्रबंधक कार्य व परियोजना आर अलागेशन ने कहा- सभी कर्मचारियों को गोल्डन रूल्स ऑफ सेफ्टी का पालन करना चाहिए। जैसे फिट टू वर्क, एनर्जी आईसोलेशन, परमिट टू वर्क, लिफ्टिंग ऑपरेशन, एक्सकेवेशन सेफ्टी, एट हाई सेफ्टी व ड्राइविंग सेफ्टी। इस दौरान उप महाप्रबंधक ऑपरेशन व कारखाना प्रबंधक अजय गोयल, नेपा मिल श्रमिक संघ अध्यक्ष कुलदीप श्रीवास्तव, सामान्य प्रशासन के सहायक प्रबंधक रवींद शिवहरे सहित ठेकेदार, कर्मचारी मौजूद थे।



अफसर, कर्मचारियों को सुरक्षा की षपथ दिलाते हुए सीएमडी।

## नारा प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को किया गया पुरस्कृत

जागृति कला केंद्र के मुकेश दरबार ने साथियों के साथ नुक्कड़ नाटक किया। नाटक के माध्यम से उन्होंने सुरक्षा के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। सुरक्षा दिवस पर संस्थान में कार्यरत कर्मचारियों, अधिकारियों के लिए नारा प्रतियोगिता कराई गई। इसमें विजयी प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया।

# नेपा लिमिटेड कंपनी के सीएमडी सौरभ देव ने कंपनी परिसर में औद्योगिक दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया




**नेपानगर (आर्ट इंडिया न्यूज)।** नेपा लिमिटेड में शुक्रवार के दिन मनाया गया औद्योगिक सुरक्षा दिवस। कंपनी के सीएमडी सौरभ देब ने कंपनी के सभी कर्मचारियों साथ मिलकर औद्योगिक सुरक्षा दिवस मनाते हुए कर्मचारियों को सुरक्षा शपथ दिलाई। कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि कर्मचारियों को अपने कार्य स्थल पर साफ सफाई रखने, सुरक्षा नियमों का पालन,सुरक्षा संसाधनों का उपयोग करने, पर्यावरण की रक्षा करने और सुरक्षित तरीके से काम करने के लिए कहा। औद्योगिक सुरक्षा दिवस के अवसर पर नेपानगर के जागृति कला केंद्र के कलाकारों द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से कर्मचारियों को सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। जिसकी सभी ने सरहाना की। इस दौरान नारा प्रतियोगिता का आयोजन भी हुआ, इसमे कंपनी में कार्यरत कर्मचारियों ने भाग लिया, प्रतियोगिता में विजेता कर्मचारी को पुरस्कार देकर समानित किया गया।

## नेपा लिमिटेड में सुरक्षा दिवस समारोह पर दिलाई शपथ

# सुरक्षा पर आधारित नुक्कड़ नाटक सहित नारा प्रतिभागियों को दिया पुरुस्कार

**शहज़ाद अली, नेपानगर**



नेपानगर की नेपा लिमिटेड में औधोगिक सुरक्षा दिवस समारोह संस्थान के सीएमडी कमोडोर सौरव देब के मुख्य आतिथ्य में नेपा मिल के मेन गेट पर आयोजित किया गया।

श्रमिकों को अपने अपने कार्यस्थल को साफ सुथरा, सुरक्षा साधनों का उपयोग करने, पर्यावरण की रक्षा करने एवं सुरक्षित तरीके से कार्य करने हेतु उद्बोधन प्रेरित कर सुरक्षा शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम के प्रारंभ में प्रबंधक (सेफ्टी) किशन पटेल ने औधोगिक सुरक्षा दिवस की आवश्यकता एवं महत्व पर प्रकाश डाला। महाप्रबंधक आर. अलागेशन ने कहा सभी कर्मचारियों को गोल्डन रूल्स ऑफ सेफ्टी का पालन करना चाहिए। वही जागृति कला केंद्र नेपानगर के संस्थापक मुकेश दरबार एवं उनके साथियों द्वारा सुरक्षा के प्रति जागरूकता का संदेश देते हुए नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। सुरक्षा दिवस पर संस्थान में कार्यरत कर्मचारियों एवं अधिकारियों के लिए नारा प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया था। उक्त प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया गया। परियोजना कार्य में ठेकेदार मेसर्स पेप्सेल, मेसर्स हाईटेक इंजीनियरिंग एवं मेसर्स सिटसन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड द्वारा भी अपने श्रमिकों को पारितोषिक देकर सम्मानित किया गया है। इस अवसर पर संस्थान के उप महाप्रबंधक एवं कारखाना प्रबंधक अजय गोयल, प्रबंधक (सेफ्टी) किशन पटेल, नेपा मिल श्रमिक संघ अध्यक्ष कुलदीप श्रीवास्तव के अलावा वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी गण उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार सहायक प्रबंधक (सामान्य प्रशासन) रविंद्र शिवहरे ने किया।